महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय

केंद्रीय विद्यालय संगठन के दल ने किया परिसर का निरीक्षण

वर्धा दि. 18 फरवरी 2014: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शीघ्र ही केंद्रीय विद्यालय स्थापित होने वाला है। केंद्रीय विद्यालय संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में केंदीय विद्यालय खोलने हेतु एक दल ने बुधवार को निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल में जबलपुर के सहायक आयुक्त जी. पी. चव्हाण एवं केंद्रीय विद्यालय कामठी, नागपुर के प्राचार्य जे. के. रामटेके ने दि. 18 फरवरी को विश्वविद्यालय के दक्षिण और उत्तरी परिसर का निरीक्षण कर केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए आवश्यक जमीन, कक्षाएं और खेल मैदान तथा आवश्यक सुविधाओं को देखा।

दल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय में केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं जाएंगे। शैक्षणिक सत्र 2015-16 से ही इसे पहली से पांचवी कक्षा तक प्रारंभ किया जाएगा।

केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से कर्मियों को तो लाभ होगा ही अपितु जिले के छात्रों और अभिभावकों भी लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि परिसर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र में सेवारत प्राथमिक विद्यालयों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होगा तथा इससे शिक्षक, छात्र एवं आमजन भी लाभान्वित होंगे।

उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन के पदाधिकारियों के सहयोग भाव की प्रशंसा की।

दल के साथ शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरबिंद कुमार झा ने कहा कि शिक्षा